लोक सभा अध्यक्ष ने श्री चिंतामण वनगा, संसद सदस्य के निधन पर शोक प्रकट किया

नई दिल्ली, 30 जनवरी, 2018: लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन ने श्री चिंतामण वनगा, संसद सदस्य के निधन पर शोक प्रकट किया है। अपने संदेश में श्रीमती महाजन ने कहाः-

"मुझे श्री श्री चिंतामण वनगा के निधन का समाचार पाकर बहुत दुःख हुआ। मैनें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में जाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्री वनगा जनता के लिए समर्पित नेता थे। वें जनकल्याण के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहें। उनकी लोकतांत्रिक मूल्यों में गहरी आस्था थी। तीन बार के संसद सदस्य और संसदीय समितियों के सदस्य रहे श्री वनगा को आदिवासी क्षेत्रों में कार्य के अपने अनुभव और आदिवासियों के बीच उनके उत्थान के लिए सक्रिय नेता के तौर पर हमेशा याद किया जाएगा।

एक अनुभवी सांसद के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर सार्थक योगदान देने के अलावा श्री चिंतामण वनगा विधान सभा के भी सदस्य रहे। अपने सुदीर्घ विधायी करियर के दौरान श्री श्री वंगा ने संसदीय संस्थाओं की प्रतिष्ठा और गरिमा को बनाए रखा। मैं श्री वंगा के शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना प्रेषित करती हूं। "